# शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली
## मध्यावधि परीक्षा अभ्यास प्रश्न-पत्र
## सत्र: 2025-26
## कक्षा-आठवीं
## विषय-हिंदी

**निर्धारित समय : 2.30 घंटे** **अधिकतम अंक : 60**

**सामान्य निर्देश :**

निम्नलिखित निर्देशों को पढ़कर उनका पालन कीजिए :

- इस प्रश्न पत्र में कुल चार खंड हैं- 'क', 'ख', 'ग' और 'घ'
- इस प्रश्नपत्र में कुल 11 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- प्रश्नपत्र में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।
- प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।
- यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रमश: लिखिए।

### खंड-क
### अपठित बोध

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (5)

हमें जीवन में यह आदत अवश्य अपनानी चाहिए कि थाली में उतना ही भोजन लें, जितनी हमें आवश्यकता हो। अक्सर लोग अधिक भोजन ले लेते हैं और उसे पूरा न खा पाने पर फेंक देते हैं। यह अन्न केवल अन्न ही नहीं, बल्कि किसानों की कठिन मेहनत और प्रकृति का अमूल्य उपहार है। जब यह नालियों में बहता है तो न केवल संसाधनों की बर्बादी होती है, बल्कि यह भी याद आता है कि अनेक लोग भूखे पेट सो जाते हैं। इसलिए हमें संयम बरतना चाहिए और उतना ही भोजन लेना चाहिए, जितना खा सकें। यही समझदारी है।

(i) गद्यांश के अनुसार यदि व्यक्ति द्वारा आवश्यकतानुसार ही भोजन लिया जाए तो इसका क्या परिणाम होगा? 1

(क) अन्न की बर्बादी घटेगी

(ख) किसान की मेहनत बढ़ेगी

(ग) संसाधनों की बर्बादी होगी

(घ) मोटापे की समस्या बढ़ेगी

(ii) गद्यांश में अन्न को किस रूप में देखा गया है? 1

(क) प्रसाद

(ख) औषधि

(ग) उपहार

(घ) रत्न

(iii) गद्यांश के अनुसार 'समझदारी' किसे कहा गया है? 1

(iv) गद्यांश के अनुसार लिखिए कि आवश्यकता से अधिक भोजन क्यों नहीं लेना चाहिए? 2

प्रश्न 2. निम्नलिखित पद्यांश को पढिए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (5)

हरी घास पर बिखेर दी हैं
ये किसने मोती की लड़ियाँ?
कौन रात में गूँथ गया है
ये उज्ज्वल हीरों की कड़ियाँ?
लुटा गया है कौन जौहरी
अपने घर का भरा खज़ाना?
पत्तों पर, फूलों पर, पग पग
बिखरे हुए रतन हैं नाना।
जी होता, इन ओस कणों को
अंजलि में भर घर ले आऊँ?
इनकी शोभा निरख निरख कर
इन पर कविता एक बनाऊँ

(i) प्रस्तुत पद्यांश में रत्न किसे कहा गया है? 1

(क) हीरे को

(ख) मोती को

(ग) घास को

(घ) ओस को

(ii) पद्यांश में किसकी सुंदरता का वर्णन किया गया है? 1

(क) प्रकृति की

(ख) रत्नों की

(ग) कविता की

(घ) मनुष्य की

(iii) पद्यांश के अनुसार कवि ने ओस कणों को कहाँ देखा? 1

(iv) पद्यांश के अनुसार ओस कणों को देखकर कवि के मन में क्या भाव आते हैं? 2

## खंड- 'ख'

## व्याकरण

प्रश्न 3. निम्नलिखित व्याकरणिक प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (10x1=10)

| मिलान कीजिए- (उत्तर पुस्तिका में लिखिए) | |
|---|---|
| (i) संख्यावाचक विशेषण | (क) पाँच किलोग्राम चावल |
| (ii) परिमाणवाचक विशेषण | (ख) घना पेड़ |
| (iii) गुणवाचक विशेषण | (ग) कुछ पंखे |

(iv) 'निर्' उपसर्ग से बना एक शब्द लिखिए।

(v) 'आज यहाँ, कल वहाँ चले' - दी गई पंक्ति में से क्रिया शब्द पहचानकर लिखिए।

(vi) 'विदुषी' शब्द का लिंग बदलकर लिखिए।

(vii) 'स्वर्ण' शब्द का तद्भव रूप लिखिए।

(viii) 'दुर्गंध' शब्द का विपरीत शब्द लिखिए।

(ix) 'सामने **लकड़ी** की एक चौखट पड़ी रहती है।'- रेखांकित शब्द का वचन बदलकर लिखिए।

(x) 'द्वंद्व समास में दोनों शब्द प्रधान होते हैं|' - सही या गलत

## खंड- 'ग'

## पाठ्यपुस्तक

प्रश्न 4. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (4x1=4)

एकाएक बस रुक गई| मालूम हुआ कि पेट्रोल की टंकी में छेद हो गया है| ड्राइवर ने बाल्टी में पेट्रोल निकालकर उसे बगल में रखा और नली डालकर इंजन में भेजने लगा| अब मैं उम्मीद कर रहा था कि थोड़ी देर बाद बस-कंपनी के हिस्सेदार इंजन को निकालकर गोद में रख लेंगे और उसे नली से पेट्रोल पिलाएँगे, जैसे माँ बच्चे के मुँह में दूध की शीशी लगाती है| बस की रफ़्तार अब पंद्रह-बीस मील हो गई थी| मुझे उसके किसी हिस्से पर भरोसा नहीं था| ब्रेक फेल हो सकता है, स्टीयरिंग टूट सकता है| प्रकृति के दृश्य बहुत लुभावने थे| दोनों तरफ़ हरे-भरे पेड़ थे जिन पर पक्षी बैठे थे| मैं हर पेड़ को अपना दुश्मन समझ रहा था|

(i) गद्यांश के अनुसार बस क्यों रुक गई थी?

(क) ड्राइवर के थकने के कारण (ख) ब्रेक फेल होने के कारण

(ग) सामने पेड़ आने के कारण (घ) पेट्रोल न होने के कारण

(ii) गद्यांश के अनुसार बस की हालत कैसी थी?

(क) आरामदायक (ख) अच्छी

(ग) जर्जर (घ) सुदृढ़

(iii) गद्यांश के अनुसार रास्ते के दोनों तरफ़ क्या दिखाई दे रहा था?

(क) पशु (ख) पेड़

(ग) नदी (घ) पहाड़

(iv) लेखक ने इंजन में पेट्रोल डालने की प्रक्रिया की तुलना किससे की है?

(क) पक्षियों को दाना खिलाना (ख) पौधों में पानी डालना

(ग) माँ द्वारा दूध पिलाना (घ) गाड़ी में पेट्रोल डालना

प्रश्न 5. गद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (2x2=4)

(i) मशीनीयुग के कारण प्रभावित हुए किन्हीं दो उद्योगों का नाम लिखिए?

(ii) पाठ 'क्या निराश हुआ जाए' के अनुसार लिखिए कि समाचार पत्रों में किस तरह के समाचार अधिक होते हैं?

(iii) पाठ 'बस की यात्रा' में किन दो आंदोलनों का नाम आया है?

प्रश्न 6. गद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए- (2x3=6)

(i) पाठ 'लाख की चूड़ियाँ' में बदलू के जीवन पर काँच की चूड़ियों के बढ़ते प्रचलन का क्या प्रभाव पड़ा?

(ii) 'आँख के बदले आँख का सिद्धांत पूरी दुनिया को अंधा कर देगा।' पाठ 'क्या निराश हुआ जाए' के आलोक में दिए गए कथन पर अपने विचार लिखिए।

(iii) पाठ 'बस की यात्रा' में लेखक ने पाठ के अंत में पन्ना पहुँचने की उम्मीद क्यों छोड़ दी थी?

प्रश्न 7. निम्नलिखित पद्यांश को पढिए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (4X1=4)

अभी भी झरती हुई पत्ती
थामने को बैठा है हाथ एक
अभी भी भीड़ है स्टेशन पर
अभी भी एक रेलगाड़ी जाती है
गंतव्य तक
जहाँ कोई कर रहा होगा प्रतीक्षा
अभी भी कहता है कोई किसी को
जल्दी आ जाओ कि अब
सूरज डूबने का वक्त हो गया

(i) पद्यांश में किस भाव को दर्शाया गया है?

(क) उम्मीद (ख) निराशा
(ग) विषाद (घ) उदासी

(ii) पद्यांश में 'सूरज डूबना' किस समय को दर्शाता है?

(क) सुबह (ख) दोपहर
(ग) शाम (घ) रात

(iii) पद्यांश में 'गंतव्य' का क्या अर्थ है?

(क) यात्रा का अंतिम स्थान (ख) यात्रा का आरंभ स्थान
(ग) यात्रा का मध्य स्थान (घ) यात्रा का पुनः आरंभ

(iv) 'अभी भी झरती हुई पत्ती, थामने को बैठा है हाथ एक' पंक्ति का आशय है-

(क) सुखी समय में असहयोग (ख) पत्तियों को इकट्ठा करना
(ग) हाथ पर पत्तियाँ गिरना (घ) कठिन समय में सहयोग

प्रश्न 8. पद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से **<u>किन्हीं दो</u>** प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (2x2=4)

(i) पक्षी और बादल में एक समानता और एक अंतर लिखिए।

(ii) 'यह सबसे कठिन समय नहीं' कविता में कौन चोंच में तिनका दबाकर उड़ने की तैयारी में है और क्यों?

(iii) कबीर ने 'तलवार और म्यान' के उदाहरण से क्या सिद्ध करना चाहते थे?

प्रश्न 9. पद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए- (2x3=6)

(i) मनुष्य के व्यवहार में दूसरों को विरोधी बना लेने वाले कौन-से दोष होते हैं? पाठ 'कबीर की साखियाँ' के आधार पर उत्तर लिखिए।

(ii) 'पक्षी भगवान के डाकिये होने के साथ-साथ इंसान के भी प्रथम डाकिये हैं।' इस कथन पर अपने विचार लिखिए।

(iii) पाठ 'दीवानों की हस्ती' में 'दीवानों का जीवन सुख-दुख का मिश्रण है।' कविता के आधार पर सिद्ध कीजिए।

**खंड-घ**

**(रचनात्मक लेखन)**

प्रश्न 10. निम्नलिखित में से किसी **एक विषय** पर लगभग 80-100 शब्दों में पत्र लिखिए- (1x6=6)

(क) आप नरगिस / गुरप्रीत हैं। अपने घर के पास स्थित पार्क की साफ़-सफ़ाई करवाने का निवेदन करते हुए नगर निगम अधिकारी को पत्र लिखिए|

**अथवा**

(ख) आप नरगिस / गुरप्रीत हैं। अपने विद्यालय के पुस्तकालय में हिंदी-कहानियों की पुस्तकें मँगवाने का निवेदन करते हुए अपने विद्यालय की/के प्रधानाचार्या/प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए।

प्रश्न 11. निम्नलिखित में से किसी **एक विषय** पर लगभग 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए- (1x6=6)

(क) अनुशासन का महत्त्व

(ख) मेरी दिल्ली

(ग) स्वतंत्रता दिवस